अनुबंध-I

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली में निदेशक के पद के लिए शैक्षिक अर्हताएं, अनुभव तथा अन्य विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | संयुक्त निदेशक |
| 2 | पदों की संख्या | 1 (एक) |
| 3 | वर्गीकरण | सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, गैर मंत्रालई। |
| 4 | वेतनमान | वेतनबैंड-3, 15600-39100 + ग्रेड वेतन 7600 संशोधित वेतन लेवल-12 78,800-2,09,200. |
| 5 | प्रतिनियुक्ति की अवधि एवं आयु सीमा | प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडँर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 6 | पात्रता | प्रतिनियुक्ति:-<br>(जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)<br>केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार तथा संघ राज्य क्षेत्रों और विश्वविद्यालयों तथा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान तथा सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों और अर्ध-सरकारी संगठनों, सांविधिक तथा स्वायता संगठनों के ऐसे अधिकारी:<br>(क) (i) जो मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारित किए हुए है;<br>अथवा<br>(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में 10,000-325-15,200 रूपए के वेतनमान में या समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में पॉच वर्ष की सेवा कर ली है; और<br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं:<br>(I) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी सहित हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य,<br>अथवा<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी सहित अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य,<br>अथवा<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषयों |

| | | |
|---|---|---|
| | | सहित किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य,<br><br>अथवा<br><br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अंग्रेजी सहित किसी भी विषय में हिंदी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य,<br>अथवा<br><br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर हिंदी सहित किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य,<br>(ii) अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का पांच वर्ष का अनुभव,<br>(iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में स्नातकोत्तर कक्षाओं को हिंदी शिक्षण का पांच वर्ष का अनुभव या समतुल्य या अनुवाद में प्रशिक्षण देने का 5 वर्ष का अनुभव,<br>वांछनीय:<br>(i) किसी मान्यताप्रापत बोर्ड अथवा समकक्ष से मैट्रिक अथवा समकक्ष स्तर पर हिंदी के अतिरिक्त संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित किसी एक भाषा का ज्ञान हो;<br>(ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से शब्दकोष विज्ञान में विशिष्टता सहित भाषा-विज्ञान में डिप्लोमा अथवा स्नातक उपाधि अथवा स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य;<br>(iii) प्रशासनिक कार्य का तीन वर्ष का अनुभव।<br>(पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी,जो प्रोन्नति की पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्त पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे।<br>इसी तरह प्रतिनियुक्ति व्यक्ति भी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे। |
| 7. | पद के कर्तव्य | संयुक्त निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के मूल्यांकन और प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी होंगे। वे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यरत अनुवादकों द्वारा किए जा रहे हिंदी अनुवाद कार्य का मूल्यांकन करेंगे और अनुवाद तकनीक के संबंध में दिशानिर्देश देंगे। वे हिंदी अनुवादकों के लिए चलाए जा रहे अनुवाद तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण सामग्री, सहायक साहित्य तैयार करने के लिए उत्तरदायी होंगे। वे अनुवाद प्रभाग में कार्यरत अधिकारियों का मार्गदर्शन भी करेंगे और हिंदी अनुवाद की गुणवत्ता में सुधार करेंगे। |

